**रोशनी से जगमगाया सराफा**

# बाजारों में भीड़, व्यापारियों के खिले चेहरे

नवभारत न्यूज

**दीपावली की खरीदारी करने बाजारों में उमड़े लोग, कंपनियों-व्यापारियों ने निकाली आकर्षक स्कीमें**

**ग्वालियर 17 अक्टूबर** शहर के सर्राफा बाजार, सदर बाजार मुरार, हजीरा,कीलागेट सहित मुख्य बाजारों में धनतेरस और दिवाली पर्व से पहले ही रौनक देखने को मिल रही हैं। दुकानों पर खरीद-फरोख्त करने बाले ग्राहकों की भीड़ बढ़ गई है,और बाजार रोशनी से जगमगा उठे है। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष तैयारियां की है। बाजारों को व्यापारियों ने आकर्षक रोशनी से सजाया है वहीं बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, ज्वेलरी और गारमेंट्स की दुकानों में खास ऑफर और नई रेंज पेश की गई है।

**बर्तन की दुकानों पर-** दीपावली पर बर्तन की दुकानों पर भी भारी भीड है, पीतल, स्टील और तांबे के नए डिज़ाइनों वाले बर्तनों की बिक्री जोरों पर है। तो वही बहुत से लोग पीतल के भगवान की मुर्ति पूजन के सामान खरीद रहें हैं।



**कंपनियों ने धनतेरस के मौके पर नई स्कीमें पेश की-** धनतेरस के मौके पर बाजार में खरीदारों की भीड से उत्साहित होकर कंपनियों ने भी आकर्षक स्कीमें पेश करनी शुरु कर दी हैं। गिफ्ट और आसान ईएमआई विकल्प भी उपलब्ध कराए जा रहें हैं।

**दोपहिया वाहन बाजार भी चमका-** धनतेरस पर कई लोग नए वाहन खरीदना शुभ मानतें हैं। इसीलिए ऑटो -मोबाइल शोरूम पर भी वाहन विक्रेताओं की भीड लगी हैं। अपने पंसद का कलर और गाड़ी लेने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने कार, बाइक, स्कूटी और इलैक्ट्रानिक स्कूटी की एडवांस बुकिंग करा दी है। केंद्र सरकार ने पिछले माह जीएसटी की दरों की कमी की थी। इसका सीधा असर बाजार पर पड़ा। नई दरें लागू होने से बाजार में रौनक लौट आई है।

### विशेष ऑफर देकर ग्राहकों को अपनी ओर खींच रहे व्यापारी

दीपावली पर बाजारों में ग्राहकों को देखते हुए दुकानदारों ने भी ग्राहकों को लुभाने के लिए नई रेंज और आकर्षक डिस्काउंट ऑफर शुरू किए हैं।दुकानदारों का कहना है कि पिछले साल की तुलना में इस बार ग्राहकों की आवाजाही अधिक देखने को मिल रही है। यह त्योहारी सीजन के लिए एक सकारात्मक संकेत है। कई दुकानों पर आकर्षक पैकेजिंग और विशेष ऑफर ग्राहकों को अपनी ओर खींच रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में भी इस बार खासा उत्साह देखा जा रहा है। एलईडी टीवी, मोबाइल, वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर जैसे उत्पादों की मांग बढ़ी है। गारमेंट्स बाजार में भी इस साल त्योहार की खरीदारी में तेजी दिख रही है।

### सजावट का सामान,दीये, झालर और रंगोली खरीद रहे लोग

दीपावली पर घर-घर में रंगाई-पुताई की जाती हैं। चाहे पाटौर हो, छोटा कमरा हो या बड़ा बंगला हो हर शख्स अपने घर को सजाना सँवारना चाहता हैं। यही कारण हैं कि सजावट की दुकानों में दीये, झालर, रंगोली और थीम-आधारित साज-सज्जा की वस्तुओं की खरीदारी भी चरम पर है। ग्राहक अपने घरों को सजाने के लिए नई थीम वाली वस्तुओं में विशेष रुचि दिखा रहे हैं। कुल मिलाकर, इस बार क्षेत्र के बाजारों में धनतेरस का उल्लास हर ओर दिखाई दे रहा है। बाजारों में रौनक बढ़ने से दुकानदारों के चेहरों पर भी खुशी है। उन्हें उम्मीद है कि इस दीपावली पर अच्छी बिक्री होगी।

## मेले में दुकानें लगाने के लिये अब तक ऑनलाइन 174 आवेदन आए

**ग्वालियर 17 अक्टूबर,** व्यापार मेला में दुकानें लगाने के लिये अब तक 174 दुकानों के लिये ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इनमें ऑटोमोबाइल सेक्टर में 68, चबूतरा सेक्टर में 66, टीन दुकानों में 30, शिल्प बाजार में दुकानें लगाने के लिये ऑनलाइन प्राप्त हुए 10 आवेदन शामिल हैं। दीपावली के अवकाश के दौरान भी ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी रहेगी। ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण के सचिव श्री सुनील त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेला प्राधिकरण द्वारा शुक्रवार 17 अक्टूबर को 28 नो-ड्यूज जारी किए गए। इनसे प्राधिकरण को 7 लाख 31 हजार रूपए से अधिक धनराशि प्राप्त हुई। मेला प्राधिकरण द्वारा अब तक कुल 149 नो ड्यूज जारी किए गए हैं। इनसे कुल मिलाकर 36 लाख 62 हजार रूपए से ज्यादा राजस्व प्राप्त हुआ है।

## सीएम हैल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों का निराकरण संतुष्टि के साथ किया जाए

**ग्वालियर 17 अक्टूबर.** संभागीय आयुक्त मनोज खत्री ने शुक्रवार को संभाग कार्यालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर समाधान ऑनलाइन पोर्टल पर लंबित आवेदनों की समीक्षा की। बैठक में सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आयुक्त श्री खत्री ने कहा कि समाधान ऑनलाइन आम नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए एक प्रभावी माध्यम है।


















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95